हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 24 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार अल नीनो के संभावित दुष्प्रभाव से निपटने के लिए खरीफ फसल के लिए एहतियाती तैयारियां कर रही है। श्री चौहान ने नई दिल्ली में कहा कि जुलाई में भी मानसून के कमजोर रहने की आशंका है।

ओवरऑल अभी तक 43 पर्सेंट बरसात कम हुई है। हमारी खरीफ की फसल, उस पर इसका असर पड़ सकता है। 315 जिले ऐसे होंगे, जहां वर्षा कम रहने की संभावना है। इनमें से 111 जिले हमारी उच्च प्राथमिकता वाले जिले होंगे, क्योंकि इनमें सिंचाई 25 प्रतिशत से कम है। मध्यम प्राथमिकता वाले मतलब जहां 25 से 50 प्रतिशत सिंचाई की व्यवस्थाएं हैं, ऐसे 76 जिले हैं और 128 जिले निम्न प्राथमिकता वाले, इसलिए वहां सिंचाई के लिए डैम और बाकी चीजों की व्यवस्था है।

****
****

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हुई विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त खरीद समिति की बैठक में प्रदेश में आगामी मानसून को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण के लिए कई निर्णय लिए गए। बैठक में विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त खरीद समिति के सदस्य और प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल □ांडा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान समिति ने जल भराव और बाढ़ जैसी स्थितियों से निपटने के लिए पाइपों तथा उच्च शक्ति वाले जल पंपों की खरीद से संबंधित सभी 16 एजेंडा को सर्वसम्मति से मंजूरी दी। इन उपकरणों और सामग्रियों की खरीद पर प्रदेश सरकार द्वारा 30 करोड़ रुपये से अधिक की राशि व्यय की जाएगी। मंत्री ने कहा कि सरकार के इस कदम से प्रदेश के संवेदनशील और निचले इलाकों में जल निकासी व्यवस्था को भारी मजबूती मिलेगी।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ नियंत्रण से जुड़ी सभी सामग्रियों की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित की जाए।

****
****

भारतीय सूचना सेवा के सेवामुक्त अधिकारी श्री जी.एस. टिवाणा का आज 88 वर्ष की आयु में कनाडा में निधन हो गया। उन्होंने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दी। वे 1998 में दूरदर्शन जालंधर से निदेशक (समाचार) के पद से सेवा मुक्त हुए थे।

****
****

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को बरसात के मौसम के दौरान हर हाल में सभी प्रशासनिक, तकनीकी और वित्तीय औपचारिकताएं पूरी कर लेने के निर्देश दिए हैं ताकि मौसम अनुकूल होते ही सड़क निर्माण एवं सुधार कार्यों को तेजी से शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए।

श्री रणबीर गंगवा लोकनिर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप राज्य के सभी 22 जिलों में

विकसित की जाने वाली आदर्श सड़क परियोजनाओं के साथ साथ अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

श्री रणबीर गंगवा को अधिकारियों ने बताया कि इन 2 सड़कों की कुल लंबाई लगभग 115 किलोमीटर होगी। इन सड़कों को सौंदर्यकरण, आधुनिक सुविधाओं और सड़क सुरक्षा के लिहाज से प्रदेश की आदर्श सड़कें बनाया जाएगा। अधिकारियों ने जानकारी दी कि चयनित 8 सड़कों का विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा सर्वेक्षण जुलाई माह में पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही जुलाई तक आदर्श रोड परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी भी मिलने की संभावना है, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

अधिकारियों ने वर्ष 2026-27 के कार्य की प्रगति को लेकर बताया कि प्रस्तावित 1,633 सड़कों में से 1,042 सड़कों के अनुमान तैयार कर भेजे जा चुके हैं, जबकि शेष सड़कों की प्रक्रिया भी तेजी से पूरी की जा रही है।

****

****

अंबाला जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा कल अंबाला शहर के पंचायत भवन में सुबह 9 बजे से दिव्यांगजनों के लिए विशेष मापन एवं उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

रेडक्रास सोसाइटी से कार्यक्रम के जिला संयोजक सुनील कुमार ने बताया कि शिविर में अंबाला जिले के अंबाला, नारायणगढ़, बराड़ा, मुलाना, सहित सभी 6 खण्डों के पात्र दिव्यांगजनों को आवश्यकता के अनुसार ट्राईसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, बैसाखियां तथा अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस बार विशेष प्रयास किया जा रहा है कि मापन के बाद लाभार्थियों को उपकरण उसी दिन अथवा अगले दिन उपलब्ध करा दिए जाएं। लोगों को कई महीनों तक इंतजार न करना पड़े।

****

****

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एमवाई यानि माय भारत चंडीगढ़ ने युवाओं की भागीदारी को बढ़ाने तथा संगठित युवा समूहों के माध्यम से सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे चंडीगढ़ में यूथ क्लब विकास अभियान की शुरुआत की है।

इस अभियान के तहत चंडीगढ़ में कार्यरत सभी मौजूदा यूथ क्लबों, महिला मंडलों एवं युवा संगठनों को माय भारत से संबद्ध होकर राष्ट्र निर्माण की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। अभियान के माध्यम से युवाओं को नए यूथ क्लब गठित कर उन्हें माय भारत के साथ पंजीकृत कराने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

****

****